
सस्ते खेल, मज़ेदार खिलोने



रॉबर्ट लॉपशायर



सस्ते खेल,
मज़ेदार खिलोने




एक वाद्‌यंत्र कैसे बनाएं






1. एक बड़ा कार्डबोर्ड
का बॉक्स लें.
कुछ मजबूत डोरी लें.




2. बॉक्स के नीचे
एक छेद बनाएं.



3. डोरी के एक सिरे पर एक
छोटी छड़ी बांधें. बॉक्स के छेद
में से डोरी को खींचें.



4. डोरी को झाड़ू
के डंडे से बांधें.



5. झाड़ू को इस तरह पकड़ें ....




.....और फिर लोगों को पागल करने
वाला ज़ोरदार संगीत बजाएं!


लैम्प शेड कैसे बनाएं



1. कागज का एक टुकड़ा
और कैंची लें.



2. कागज को
इस तरह मोड़ें.



3. अब दिखाए तरीके
से कागज को काटें.



4. फिर कागज़ को खोलें
और उसे इस तरह से चारों
ओर मोड़ें. फिर दोनों सिरों
को आपस में चिपकायें.
.



5. कागज का एक और पट्टी काटें.
उसे संभाल कर लैंप शेड
पर हैंडल जैसे चिपकाएं



बहुत सारे लैम्प शेड बनाएं. फिर उन्हें लटकायें.
अपने मित्रों को एक पार्टी दें!


बटन की फिरकी बनाएं



1. एक बटन लें ... इसके लिए कोट का बड़ा बटन सबसे अच्छा रहेगा.




2. मोटे धागे का एक टुकड़ा ढूंढें.



3. धागे को इस तरह से बटन में पिरोएं .



4. धागे के सिरों में एक गाँठ बाँधें.



5. धागे के सिरों को दोनों हाथों से पकड़कर घुमाएं. धागे में अलबेटें डालें.



6. फिर धागे को खींचें और ढील दें. ज़ोर से खींचें! और फिर ढील दें .



फिरकी को लगातार घूमने दें.

शायद आपकी फिरकी हमेशा घूमती रहे!



खुशबूदार चेहरा कैसे बनाएं



1. माँ से एक संतरा,
एक टूथपिक और कुछ
लौंग मांगें.



2. संतरे में टूथपिक घुसाकर
छेद बनाएं. आंख, नाक और
मुंह के लिए संतरे में
छोटे-छोटे छेद करें.



3. छेदों में लौंग घुसा दें.



4. अब बालों के लिए छेद
बनाएं. बहुत सारे छेद बनायें.



5. उन छेदों में ढेर सारी
लौंग चिपकाएँ.



अपने कमरे में इस मॉडल को रखें.
खुशबू से आपका पूरा कमरा महकेगा!

कागज़ की चरखी कैसे बनाएं




3. कागज़ के चारों कोनों को
मोड़कर बीच तक लाएं.



4. पिन को कागज़ में
तरह इस तरह घुसाएँ.




1. कागज का एक टुकड़ा लें.
एक मोती, एक पिन
और एक डंडी भी लें.



5. मोती को पिन के
मत्थे के नीचे रखें.



2. दिखाए अनुसार कागज़ पर निशान
लगाएं और उसे चार बार काटें.



6. फिर पिन को दबाकर
डंडी में धंसाएं.




7. फिर डंडी को बाहर पकड़कर दौड़ें.

कागज़ की चरखी तेज़ी से गोल-गोल घूमेगी!


पट्टियों की चटाई कैसे बनाएं



1. आपको एक कैंची और रंगीन कागज के दो टुकड़े चाहिए होंगे.



2. एक टुकड़े को इस तरह से मोड़ें और काटें.




3. दूसरे टुकड़े की पट्टियों काटें.



4. पहले टुकड़े को फर्श पर चपटा बिछाएं. एक पट्टी लेकर उसे इस तरह से ऊपर-नीचे बुनें.



5. सभी पट्टियों को इसी तरह बुनें.



कई चटाइयां बनाकर अपने मित्रों को भेंट करें.


घर में जंगल कैसे उगाएं?



1. माँ से एक शकरकंदी मांगें.



2. चार टूथपिक और एक गिलास पानी भी लें.



3. शकरकंदी में इस तरह से टूथपिक घुसाएं.



4. शकरकंदी को पानी में इस तरह तैरायें.



5. शकरकंदी को गीला रखें. इस तरह आपका जंगल बढ़ेगा.




लेकिन सावधान रहें, जंगल के जानवरों से!


हेलीकाप्टर कैसे बनाएं



1. एक कॉर्क लें.
थोड़ा मोटा कागज़
(चार्ट-पेपर) भी लें.



2. कागज को काटें.
उससे इस तरह की
आकृति बनाएं.





3. कागज़ को इस
तरह मोड़ें.



4. गोंद से कागज पर
एक टूथपिक चिपका दें.



5. फिर हल्की कॉर्क में
टूथपिक को धँसायें.



6. फिर हेलीकाप्टर
को बाहर ले जाकर
उसे हवा में फेंकें.





फटी आवाज़ कैसे बनाएं




1. एक कागज़ लें.




2. उसमें एक पट्टी काटें.



3. कागज को मोड़ें और उसे इस तरह काटें.



4. फिर से मोड़ें और इस तरह बनाएं.



5. उसे अपने मुंह के पास इस तरह पकड़ें.



6. अब ज़ोर से हवा फूंकें!





इस फटी आवाज़ से आप अपने दोस्तों को डरा पाएंगे....

छोटा कुत्ता कैसे बनाएं



1. एक पेपर बैग लें.
बहुत बड़ा नहीं.



2. कुछ क्रेयॉन भी लें.



3. उनसे एक छोटे कुत्ते
का चेहरा बनाएं.



4. मुंह को यहां बनाएं.



5. रंगीन कागज से
दो कान काटें.



6. रंगीन कानों
को चिपका दें.



7. बैग में अपना हाथ
डालें. अपनी उंगलियों
को हिलाएं और कुत्ते
से बात करें.



कुत्ता आपके साथ घंटों बात करेगा!

आलू के प्रिंट कैसे बनाएं





1. अपनी मां से एक आलू,
एक प्लेट, कुछ कागज
और पेंट मांगें.



2. माँ से आलू को आधे
में काटने को कहें.



3. उनसे आधे आलू पर
एक डिज़ाइन काटने को
कहें जो ऐसा दिखे.



4. प्लेट पर
कुछ पेंट डालें.
आलू को पेंट में डुबोएं.



5. अब आलू को पेपर पर
दबाएं. वो नमूना पूरे
कागज़ पर बनाएं.



फिर आप उसके साथ क्या करते हैं?
उसके लिए पेज पलट कर देखें....

पापा के लिए उपहार कैसे बनाएं



1. आलू का प्रिंट लें.
एक इस प्रकार
का डिब्बा लें.



2. कागज को काटें.
डिब्बा के आकार का
कागज़ काटें.



3. कागज को डिब्बे
पर चिपका दें.



4. डिब्बे के ढक्कन को दूसरे
कागज़ के टुकड़े पर रखें.
उसके चारों ओर ड्रा करें.



5. अब उसे काटें.




6. उसे ढक्कन पर चिपका दें.



पापा अपने पैसे, बटन और अन्य
छोटी चीज़ें उसमें रख सकते हैं.

छोटा टेलीफोन कैसे बनाएं



1. दो पेपर कप लें ...




2. ... और धागे का एक लंबा टुकड़ा भी लें.



3. प्रत्येक कप में एक छेद बनाएं, एक बहुत छोटा छेद.




4. छेद में से धागा खींचें.



5. धागे के सिरों पर कुछ गोंद लगाएं और उन्हें कपों को चिपका दें.



6. धागे को कसकर पकड़ें और अपने कप में से बात करें.



चाहें तो आप अपने कुत्ते के साथ भी बात कर सकते हैं. .. अगर वो बात करना जानता हो.

कोलाज पिक्चर कैसे बनाएं



1. गत्ता, कैंची और बहुत सारे रंगीन कागज लें.



2. कागज़ों को अलग-अलग आकार के टुकड़ों में काटें.



3. इन रंगीन टुकड़ों को गत्ते पर चिपकाएँ. आप उन्हें अपनी मनमर्ज़ी से चिपकाएं.



4. चिपकाएं, और टुकड़ों को चिपकाएं!



कोलाज पिक्चर बन जाने के बाद माँ उसे आपके कमरे में लटका देंगी. अब माँ के लिए भी एक पिक्चर बनाएं.



रेंगने वाली इल्ली कैसे बनाएं



1. कुछ कागज लें. साथ में कैंची भी.



2. कागज़ का इतना बड़ा टुकड़ा काटें.
उस पर एक इल्ली का चेहरा बनाएं .



3. उसे एक मेज पर
इस तरह खींचें.
इससे वो थोड़ा
गोल हो जाएगा.



4. इल्ली की
किनार को थोड़ा
गीला करें -
ज़्यादा नहीं.



5. उसे एक मेज पर रखें और
उसकी पूंछ पर ज़ोर से फूंकें.





इल्ली तेज़ी से आगे दौड़ेगी!

कपड़ों के क्लिप से कीड़ा बनाएं



1. एक कपड़ों का क्लिप लें. कैंची, कुछ रंगीन कागज, गोंद और दो ड्राइंग-पिनें लें.



2. लकड़ी के क्लिप में ड्राइंग-पिनों को दबाएं. वे कीड़े की आंखें होंगी.



3. कागज के कुछ पैर काटें और उन्हें गोंद से चिपकाएं.



4. फिर पंख और पूंछ काटें. उन पर बिंदियां बनाएं.



5. पंख और पूंछ को गोंद से चिपकाएं.





6. फिर कपड़ों का क्लिप दबाकर कीड़े का मुंह खोलें ...



... और उससे किसी को भी काटें.

गुच्छे वाली टोपी कैसे बनाएं



1. एक पेपर कप लें.
कुछ धागा और स्ट्रॉ भी लें.



2. स्ट्रॉ के गट्ठे को धागे
पर इस तरह रखें.



3. स्ट्रॉ के गट्ठे के
चारों ओर धागा बांधें.



4. कप के पेंदे में
एक छेद बनाएं.



5. छेद में से धागे
को खींचें.



6. फिर अपनी ठोड़ी के
नीचे धागे को बांधें.




कुत्ता आपकी सुंदरता की तारीफ़ करेगा!


चलने वाली चीज़ कैसे बनाएं



3. गिट्टक के छेद में
से रबर बैंड पिरोएं.



4. रबर-बैंड में
टूथपिक्स फंसाएं.



1. एक रबर-बैंड लें.
एक लकड़ी की गिट्टक
और दो टूथपिक लें.



5. फिर चलने वाली चीज़
में चाभी भरें, और ..





2. गिट्टक के दोनों सिरों
पर साबुन रगड़ें.

6. ....फिर उसे टहलने
के लिए जाने दें!






चलने वाला जोकर कैसे बनाएं




1. कैंची, मोटा कागज, और कुछ रंगीन क्रेयॉन लें.



2. कागज पर ड्रा करें और उसे काट लें.



3. अब उसे कलर कर दें. उसे अजीब सा बनाएं!



4. पैरों के लिए दो छेद काटें.



5. वह दौड़ सकता है! वह नाच सकता है!



उस जैसे दो क्यों नहीं बनाएं?

जलतरंग कैसे बनाएं



1. अपनी माँ से चार पुराने गिलास और एक लकड़ी का चम्मच माँग लें.



2. एक गिलास में सिर्फ इतना पानी डालें.



3. दूसरे गिलास में कुछ अधिक पानी डालें.



4. तीसरे गिलास में उससे भी ज्यादा पानी डालें.



5. आखिरी वाले में लगभग ऊपर तक पानी भरें.



6. गिलासों को इस तरह अपने सामने रखें.

7. उन्हें टैप करें. उन पर बहुत ज़ोर से नहीं मारें.



उसपर रेडियो या टीवी के संगीत की कोई धुन बजाएं.

छल्लों की लिंक-चेन कैसे बनाएं



1. कुछ कागज, एक कैंची, और कुछ गोंद लें.



2. कागज़ की पट्टियों को इस तरह काटें.



3. एक पट्टी को दिखाए अनुसार छल्ले में चिपकाएं.




4. फिर इस छल्ले में एक और पट्टी रखें.



5. उसे भी चिपकाकर दूसरे छल्ला बनाएं.



6. इस प्रकार छल्ले चिपका-चिपकाकर एक लम्बी लिंक-चेन बनाएं.



क्या आप आधा-मील लंबी चेन बना सकते हैं?



आलू का खरगोश कैसे बनाएं



1. आपको एक आलू, गोंद, कागज, कैंची, टूथपिक, काग़ज़ का कप और तीन ड्राइंग पिंस चाहिए होंगी.



2. दो बड़े पैरों को काटें. दो बड़े कान काटें. प्रत्येक कान पर एक टूथपिक गोंद से चिपकाएं.



3. आलू में एक टूथपिक को धंसा दें.



4. इस टूथपिक को कप में धंसाएं. कप पर पैरों को गोंद से चिपकाएं.



5. मूंछ के लिए आलू में टूथपिक्स घुसाएं.



6. आंखों और नाक के लिए ड्राइंग पिंस को दबाएं. फिर कानों को फिट करें.



उसके बाद आलू के खरगोश की एक बहन बनाएं!

बगीचा कैसे बनाएं



1. एक गहरी थाली लें और कुछ सुन्दर छोटे पत्थर लें.



2. अब दो गाजर लें. उन्हें खाएं. सिर्फ ऊपर का भाग बचा कर रखें.



3. पत्थरों को थाली में रखें. पत्थरों पर थोड़ा पानी डालें.



4. फिर गाजर के टॉप्स को काटें और उन्हें पत्थरों पर रख दें.



5. पत्थरों को गीला रखें.





आप इस बगीचे को बढ़ते हुए देख सकेंगे.

घूमने वाला टॉप कैसे बनाएं



1. एक कागज, एक गिलास और एक पेंसिल लें. साथ में कैंची, क्रेयॉन और एक टूथपिक भी.



2. कागज़ पर गिलास रखें. पेंसिल से गिलास का गोला बनाएं.



3. अब इस गोले को काटें. उस पर एक नमूना बनाएं.



4. कागज के केंद्र में से टूथपिक को दबाकर बाहर निकालें.




5. फिर उसे घुमाएं! उसे मेज पर घुमाएं!



पैराशूट कैसे बनाएं



3. धागे के चारों टुकड़ों को पेपर नैपकिन के चारों कोनों से बांधें.



1. मां से एक पेपर नैपकिन, धागा और एक कपड़ों वाली पिन मांगें.




4. फिर चारों धागों के सिरों को एक-साथ बांधें. फिर उनमें कपड़ों वाली पिन बांध दें.



5. फिर उसे सीधा लिटाएं और उसे गोल-गोल रोल करें.





2. धागे के चार टुकड़े काटें, सभी दो फीट लंबे हों.





जितना हो सके उसे उतना ऊंचा फेंकें - लेकिन घर में नहीं!




दो सींगों वाला जोकर कैसे बनाएं




1. एक छोटा पेपर बैग,
क्रेयॉन और कैंची लें.



2. बैग पर क्रेयॉन से एक चेहरा बनाएं.
चेहरा देखने में मज़ाकिया लगे.



3. बैग के ऊपरी भाग में
दो छेद काटें. एक छेद
नाक की जगह बनाएं.



4. बैग में अपना हाथ
डालें. प्रत्येक छेद में
एक उंगली डालें.



5. अब अपने सींगों को
घुमाएं और अपनी नाक
को भी घुमाएं.



हवा की चकरी कैसे बनाएं




1. चार पेपर कप, कार्डबोर्ड का एक टुकड़ा, गोंद, एक मोती, एक पिन और एक डंडी लें.




2. इस तरह से कार्डबोर्ड पर दो लाइनें बनाएं.



3. अब गोंद से कार्डबोर्ड के प्रत्येक कोने पर एक-एक कप चिपकाएं.



4. कार्डबोर्ड पर जहां दोनों लाइनें एक-दूसरे को काटें वहां पिन घुसाएं.



5. पिन में मोती लगाएं. फिर पिन को डंडी में घुसाएं.




अब अपनी चकरी को बाहर तेज़ हवा में घुमाएं!

पक्षियों को खुश कैसे करें



1. एक टेट्रापैक का डिब्बा, कैंची और कुछ तार लें.



2. पापा से उस बक्से को काटने को कहें.



3. उनसे, उसमें एक छेद बनाने को कहें.



4. छेद में से एक डोर को पिरोएं.



5. बक्से के नीचे रोटी के छोटे-छोटे टुकड़े रखें.



6. फिर उसे किसी पेड़ से लटका दें.



यह पक्षियों के लिए दोपहर का भोजन होगा!

मास्क
कैसे बनाएं




1. उसके लिए आपको एक पेपर बैग लगेगा. एक बड़ा बैग सबसे अच्छा होगा.



2. बैग पर एक मज़ेदार चेहरा ड्रा करें. आंखों के लिए दो छेद काटें.



3. नाक के लिए एक पेपर कप चिपकाएं.




4. कुछ बाल काटें और उन्हें चिपकाएं.



5. फिर काले कागज़ का बना एक चश्मा भी चिपका दें.



6. फिर आप अपने चेहरे पर मास्क पहनें.



फिर आपके दोस्त को यह पता नहीं चलेगा कि आप कौन हैं!

समाप्त